# विश्व रेंजर दिवस 2024

[स्रोत: इंटरनेशनल रेंजर फेडरेशन](#)

प्रत्येक वर्ष **31 जुलाई** को मनाया जाने वाला विश्व रेंजर दिवस, **प्राकृतिक और सांस्कृतिक संपदा की रक्षा करने वाले रेंजरों के लिये समर्पित** है। यह ड्यूटी के दौरान घायल हुए या वीरगति को प्राप्त हुए लोगों का स्मरण कराता है और संरक्षण प्रयासों में रेंजरों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

- **विश्व रेंजर दिवस- 2024 की थीम: '30×30'** [जैव-विविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (COP15)](#) **- 2022** के साथ संरेखित है, जो वर्ष 2030 तक **पृथ्वी पर कम से कम 30% भूमि और समुद्री क्षेत्रों को** [संरक्षित करने का लक्ष्य](#) निर्धारित करता है।
- संरक्षण लक्ष्यों को प्राप्त करने, सुरक्षा, निगरानी, कानून प्रवर्तन और सामुदायिक समर्थन जैसे कार्यों को संभालने में रेंजर की भूमिका महत्त्वपूर्ण है।
    - **'30×30'** लक्ष्य को पूरा करने के लिये रेंजरों को पर्याप्त संसाधन और प्रशिक्षण की आवश्यकता है।
- पहला विश्व रेंजर दिवस वर्ष 2007 में **अंतर्राष्ट्रीय रेंजर फेडरेशन (IRF)** की स्थापना की 15वीं वर्षगांठ पर मनाया गया था। इसका गठन 31 जुलाई 1992 को हुआ था और विश्व रेंजर दिवस प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई को मनाया जाता है।
- [भारत में रेंजर्स](#), जिन्हें [वन रक्षक या ग्रीन सोल्जर](#) के रूप में भी जाना जाता है, भारत के किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के भीतर वन रेंज के वन, पर्यावरण और वन्यजीव-संबंधी मुद्दों के लिये ज़िम्मेदार हैं।

**और पढ़ें:** [भारत के वन सीमांत क्षेत्र की सुरक्षा](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-ranger-day-2024